Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:32 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 227 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 5 मार्च 2025



मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### डंपर ने पिकअप को मारी टक्कर, चार महिलाओं की मौत, छह गंभीर

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार डंपर ने पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में चार की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। चित्रकूट जिले में मजदूर सवार पिकअप गाड़ी को डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार चार महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिनमें छह की हालत गंभीर है। घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे बरुआ गांव के पास हुई है। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप गाड़ी में 20 से ज्यादा मजदूर सवार थे। सभी मजदूर प्रयागराज महाकुंभ में सफाई का कार्य करने गए थे। प्रयागराज से लौटते वक्त बड़ा हादसा हो गया। सूचना पर डीएम और एसपी मौके पर पहुंचे हैं।

### विवाह समारोह में दबंगों ने युवक पर धारदार हथियारों से हमला किया,गंभीर

**रुद्रपुर।** खेड़ा बस्ती में विवाह समारोह के दौरान दबंगों ने एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक को गंभीर चोटें आने पर जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। पीड़ित की ओर से मामले में पुलिस को तहरीर दी गयी है। ट्रांजिट कैम्प निवासी दिपांकर साहा पुत्र सुजीत चन्द्र साहा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बताया कि वह सोमवार रात खेड़ा कालोनी में एक विवाह समारोह में गया था। इसी दौरान ट्रांजिट कैम्प निवासी कुछ दबंग किस्म के युवक उससे शराब तथा पार्टी करने के लिए तीन हजार रूपये मांगने लगे। उसने पैसे देने से मना किया था तो दो युवकों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आयी हैं। उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। पुलिस का कहना है कि पुलिस जांच कर रही है।

## मौसम: आज से शुष्क रहेगा मौसम, ठंड से मिलेगी राहत

देहरादून
हमारे संवाददाता

मंगलवार को पहाड़ों पर हुई बर्फबारी से कड़ाके की ठंड का लोगों का अहसास हुआ। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आज से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

प्रदेशभर में आज (बुधवार) से मौसम शुष्क रहने से राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि उत्तराखंड में आठ मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा। आसमान साफ रहने से चटक धूप खिलेगी। इसके चलते मैदान से लेकर पहाड़ तक ठंड से राहत मिलेगी। मंगलवार सुबह मैदान से लेकर पहाड़ तक हल्की बूंदाबांदी हुई। दोपहर के समय बादल छाने व शीतलहर चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि,



**बदलाव**
- आज से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा

दोपहर बाद मौसम खुला तो शीतलहर का सिलसिला थमा और ठंड से राहत मिली। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार आठ मार्च तक प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। बता दें, चमोली जिले में मंगलवार को भी मौसम खराब रहा। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई जबकि निचले क्षेत्रों में बारिश हुई। इससे जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हालांकि पूर्वाह्न 11 बजे मौसम सामान्य हुआ और धूप खिली लेकिन देर शाम को फिर मौसम खराब हो गया। बदरीनाथ धाम में अधिकतम तापमान माइनस आठ और न्यूनतम तापमान माइनस तीन, ज्योतिर्मठ में अधिकतम तापमान चार और न्यूनतम तापमान माइनस एक, औली में अधिकतम तीन और न्यूनतम माइनस दो रहा। तापमान में आई गिरावट से लोग दिनभर अपने घरों में दुबके रहे।

अबू आजमी का नाम लिए बिना योगी का हमला

## 'औरंगजेब को आदर्श मानने वाले को यूपी भेजिए, इलाज कर देंगे'

नई दिल्ली
एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद को संबोधित करते हुए सपा पर जमकर हमले किए और कहा कि हमारे के लिए महाकुंभ गर्व का विषय है जबकि सपा के लोग औरंगजेब को नायक मानते हैं। महाकुंभ के आयोजन को पूरी दुनिया याद रखेगी।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी के बजट सत्र में विधान परिषद को संबोधित करते हुए महाकुंभ के आयोजन का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि यह ऐसा आयोजन था जिसे लंबे समय तक दुनिया याद रखेगी। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां इससे सहमत नहीं थीं और महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार किया फिर भी लोगों की आस्था नहीं डिगी। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आयोजन की दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। जो लोग संघ की विचारधारा से नहीं जुड़े हैं वो भी महाकुंभ के आयोजन की प्रशंसा कर रहे हैं। 45 दिन तक चले आयोजन में कोई लूट की घटना नहीं हुई। कोई अपहरण की घटना नहीं हुई। यह सनातन के सामाजिक अनुशासन का प्रभाव है। जो कि कहता है कि पूरा देश एक है और यहां जातिवाद



और क्षेत्रवाद की कोई जगह नहीं है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये उन लोगों को जवाब है जो कि जल के प्रदूषण और अन्य तमाम छोटी खबरों को लेकर आयोजन पर सवाल उठा रहे थे और दुष्प्रचार कर रहे थे। देश की जनता के लिए गंगा सबसे पवित्र है और विज्ञान कहता है कि बहता हुआ जल खुद को पवित्र करता रहता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि महाकुंभ में जैसी जिसकी दृष्टि थी वैसा ही उसने वहां देखा। सनातन के मानने वालों के लिए महाकुंभ एक गर्व का विषय है जो कि पूरी दुनिया को एकता का संदेश देता है।

महाकुंभ के आयोजन के दौरान काशी और अयोध्या में भी पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ गई। इस दौरान इन नगरों के स्थानीय लोगों ने अभूतपूर्व धैर्य का परिचय दिया साथ ही उनका आतिथ्य सत्कार भी किया। मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि सपा के लोगों के लिए औरंगजेब गर्व का विषय है जिसने अपने पिता को कैद कर उन्हें पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया था। उन्होंने कहा कि सपा का अपने विधायकों पर नियंत्रण नहीं है। उन्होंने अबू आजमी का नाम लिए बिना कहा कि सपा को उसे पार्टी से निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपा को उस नेता के बयान का खंडन करना चाहिए और पार्टी से निकाल देना चाहिए। नहीं तो उसे यहां बुलाइये। हम उसका इलाज कर देंगे।

## दमुवाढूंगा क्षेत्र में नर कंकाल मिलने से फैली सनसनी, पहुंची पुलिस

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

काठगोदाम थाना क्षेत्र के घने जंगल में मंगलवार देर शाम को नर कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लकड़ियां लेने जंगल में गए लोगों ने नाले के पास खोपड़ी और बिखरी हुई हड्डियों को देखा, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की, लेकिन कंकाल की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

जानकारी के मुताबिक, दमुवाढूंगा वार्ड 36 और 37 के पीछे स्थित इस घने जंगल से कमेटिया बरसाती नाला गुजरता है। लकड़ी लेने गए लोगों की नजर नाले के पास पड़ी खोपड़ी और बिखरी हुई हड्डियों पर पड़ी। मौके पर कंकाल के साथ कपड़े भी मिले, जिनमें लोअर, टीशर्ट और अंडरवियर शामिल थे, लेकिन स्थानीय लोगों ने इन कपड़ों से भी पहचान नहीं की जा सकी।

पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट के अनुसार, कपड़ों से पहचान का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं



मिली। अब डीएनए टेस्ट के जरिए पहचान का प्रयास किया जाएगा। पुलिस ने आसपास के थानों और चौकियों से गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी भी मांगी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस जंगल में नशेड़ियों का आना-जाना लगा रहता है और वे अक्सर अनैतिक गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। ऐसे में यह कंकाल किसी नशेड़ी का हो सकता है। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पोस्टमार्टम और डीएनए रिपोर्ट आने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है। फिलहाल, कंकाल को एक वयस्क व्यक्ति का माना जा रहा है। पुलिस ने कपड़ों को सील कर रखा है और आगे की जांच जारी है।

## परेशानी: दूर-दराज और शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाली रोडवेज बस सेवाओं का संचालन एक साल से बंद

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीताल से विभिन्न दूर-दराज और शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाली रोडवेज बस सेवाओं के संचालन को एक साल से बंद कर दिया गया है। इसके कारण दूर जाने वाले यात्रियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार नैनीताल से मुक्तेश्वर तथा पिथौरागढ़ और सहारनपुर तक चलने वाली रोडवेज बसों का संचालन पिछले एक साल से बंद पड़ा हुआ है। इन मार्गों पर बस सेवा बंद होने से यात्रियों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है जिससे यात्रा महंगी और असुविधाजनक हो गई है। स्थानीय लोग और दूर-दूर से यात्रा करने वाले लोग अब सार्वजनिक परिवहन के अभाव में परेशान हैं। उन्हें महंगे टैक्सी या अन्य निजी परिवहन का सहारा लेना पड़ रहा हैए जो न केवल वित्तीय बोझ बढ़ा रहा हैए बल्कि यात्रा में समय की भी बर्बादी हो रही है। रोडवेज के वरिष्ठ इंचार्ज धर्मानंद जोशी ने बताया कि बसों और चालक व परिचालकों की कमी के कारण बंद रुटो पर रोडवेज बसों का संचालन शुरू नहीं हो रहा है।

## भारतीय खिलाड़ी और स्टेडियम में मौजूद फैंस खुशी से झूमे

नई दिल्ली/दुबई
एजेंसी

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर 2023 वनडे विश्वकप फाइनल में मिली हार का बदला ले लिया है।

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम फाइनल में पहुंच गई है जो कि अब दुबई में ही खेला जाएगा। टीम इंडिया की जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों के चेहरे पर जो भावनाएं व्यक्त हो रही थीं, वह दर्शा रहा था कि उनके लिए यह जीत कितना मायने रखती है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल समेत सभी खिलाड़ी जीत का जश्न मना रहे थे। बीसीसीआई ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें मैच के आखिरी पल और जीत के बाद के पल को दिखाया गया है।




वीडियो में रोहित-कोहली और हार्दिक पांड्या गले लगकर शोर मचाकर जश्न मनाते दिख रहे हैं। वहीं, स्टेडियम में हजारों फैंस वंदे मातरम् गाते दिखे। बीसीसीआई ने एक और वीडियो शेयर किया है, जिसमें राहुल के विनिंग सिक्स पर रिएक्शन दिखाया गया है। उनके शॉट पर भारतीय खिलाड़ी और स्टेडियम में मौजूद फैंस खुशी से झूमने लगते हैं। राहुल बैट से फ्लाइंग किस भी देते हैं और जडेजा को गले लगाते हैं। कोहली, रोहित और हार्दिक भी उन्हें बधाई देते हैं। राहुल भी 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में हारने वाली टीम का हिस्सा थे और इस जीत से उन्हें भी काफी आत्मविश्वास मिला होगा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टीव स्मिथ (73) और एलेक्स कैरी (61) के अर्धशतकों के दम पर 48.1 ओवर में 264 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 11 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने 98 गेंद में पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए।

# व्यापारियों पर लगाए जा रहे ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर चर्चा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन तथा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने संयुक्त रुप से मंगलवार को पालिका की ओर से व्यापारियों पर लगाए जा रहे ट्रेड लाइसेंस शुल्क पर चर्चा की। इस दौरान उन्हें पूर्व में होटल एसोसिएशन की ओर से तैयार की गई लिस्ट की भी जानकारी दी।

बता दें कि बीती नगर पालिका बोर्ड में नगर में 129 ट्रेड में लाइसेंस शुल्क लगाने की पहल हुई। जिसके दायरे में होटल समेत अन्य सभी कारोबारी आ रहे थे। हालांकि व्यापारियों के विरोध के बाद अब तक ट्रेड लाइसेंस का मामला लंबित हैं लेकिन नई पालिका बोर्ड की ओर से इसे लागू किया जाना है। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि इस मामले में वह पूर्व पालिकाध्यक्ष तथा पूर्व ईओ आदि से वार्ता भी कर चुके हैं। उन्होंने पालिकाध्यक्ष को होटल की ओर से पूर्व में तैयार स्लैब को पालिका में दिए जाने की जानकारी दी। व्यापार मंडल ने छोटे कारोबारियों से शुल्क न लेने का अनुरोध किया। पालिकाध्यक्ष डॉ. खेतवाल ने कहा कि ट्रेड लाइसेंस मामले में पालिका बोर्ड की विशेष बैठक के बाद अंतिम निर्णय लेगी। इस मौक पर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह,तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारूति नंदन साह,मल्लीताल के किशन सिंह नेगी, महासचिव त्रिभुवन सिंह फर्त्याल तथा युवा व्यापारी रुचिर साह आदि समेत तल्लीताल व मल्लीताल व्यापार मंडल से जुड़े कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व उन्होंने पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

## एनसीसी कैडेट शुभम भट्ट का ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी ओटीए चेन्नई के लिए चयन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के होनहार एनसीसी कैडेट शुभम भट्ट का ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी ओटीए चेन्नई के लिए चयन होने पर पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल तथा शहर के व्यापारियों और होटल एसोसिएशन ने स्वागत किया और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

बता दें कि शुभम भट्ट मूल रूप से अल्मोड़ा जिले के जैंती के रहने वाले हैं। उनके पिता महेश चंद्र भट्ट किसान हैं और माता हेमा भट्ट गृहिणी हैं। शुभम ने अपनी पढ़ाई अम्बाला से पूरी की जिसके बाद नैनीताल में अपनी ताई दीपा भट्ट के वहां रहकर डीएसबी परिसर से बीएससी की पढाई पूरी की, साथ ही वह एनसीसी कैडेट भी रह चुके हैं और 2023 में वह रिपब्लिक डे परेड में वह बेस्ट केडिट ऑफ उत्तराखंड भी रहे इसके साथ ही एनसीसी के माध्यम से वियतनाम भी गए थे। उनकी इस उपलब्धि पर नगरपालिका ईओ दीपक गोस्वामी, प्रमुख राज्य आंदोलनकारी मुन्नी तिवारी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट महासचिव वेद साह मल्लीताल व्यापार मंडल के महासचिव त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, सभासद मनोज साह जगाती व युवा होटल व्यवसायी रुचिर साह तथा जुनैद आदि ने स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।





## होलिका दहन 13 को रंगोत्सव 15 मार्च को

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

श्री रामलीला संचालन समिति के तत्वावधान में बैठक का आयोजन श्री रामलीला भवन रामलीला ग्राउंड में किया गया। जिसमें संचालन समिति के संरक्षक एवं सिटी मजिस्ट्रेट ऐ बी वाजपेई तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में हल्द्वानी नगर के कई विद्वान पुरोहित आदि भी उपस्थित थे, जिसमें संचालन समिति के व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री, डॉक्टर नवीन चंद्र जोशी जी, डाक्टर जगदीश चंद्र भट्ट, गोपाल दत्त त्रिपाठी दया किशन उपाध्याय आदि रहे।समिति सदस्यों एवं विद्वान पुरोहितों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नगर के प्राचीन होलिका दहन स्थल पर चीर बंधन 9 मार्च को प्रात:9 बजे ,13 मार्च को भजन संध्या सायं 6 बजे होलिका दहन रात्रि 11:30 बजे एवं 15 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। बैठक मे संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य एन बी गुणबंत, प्रेम गुप्ता, विवेक कश्यप, भवानी शंकर नीरज, भोलानाथ केसरवानी, बसंत अग्रवाल, रुपिंदर नागर, मनोज गुप्ता, अरुण, तनुज गुप्ता, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम को 9 मार्च तक रजिस्ट्रेशन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारत सरकार युवा कार्यक्र एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा प्रतिभागी माय भारत पोर्टल पर 9 मार्च (रविवार) तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। मामले में नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी डॉल्वी तेवतिया तथा कार्यक्रम अधिकारी शिवांगी चनियाल ने बताया कि यह कार्यक्रम जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा। बताया कि विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए 9 मार्च (रविवार) तक आवेदन कर सक ते हैं। विजेता राज्य विधानसभा और देश की संसद में विचार रख सकेंगे। कहा कि प्रतिभागियों को रजिस्ट्रेशन करने के बाद एमवाई भारत पोर्टल पर 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना होगा। जिसका विषय है आपकी दृष्टि में विकसित भारत का क्या अर्थ है। इस विषय पर आने वाले वीडियो में से 150 उत्कृष्ट वीडियो का चयन किया जाएगा। इसके बाद 150 प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

इन प्रतिभागियों में से 10 प्रतिभागियों का चयन निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। इनको राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए विधानसभा भेजा जाएगा और राज्य स्तरीय कार्यक्रम में से तीन प्रतिभागियों का राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयन किया जाएगा। जिन्हें संसद दिल्ली में अपने विषय को प्रस्तुत करने के लिए भेजा जाएगा। कहा कि विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद 2025 के आयोजन के लिए कुमाऊँ विवि नैनीताल का डीएसबी कैम्पस के रूप में नामित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरु युवा केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।

## दुर्घटना के आरोपी वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी

**हल्द्वानी।** गैस गोदाम रोड स्थित छड़ायल चौराहे पर 21 फरवरी की रात एक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक का नाम साधू सिंह पुत्र स्वर्गीय नारायण सिंह है, जबकि घायल व्यक्ति उनके भतीजे महेंद्र सिंह (पुत्र देवेंद्र सिंह) हैं। दोनों पूर्णागिरी कॉलोनी, डहरिया, हल्द्वानी के निवासी हैं। इस मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पूर्णागिरी कॉलोनी, डहरिया, हल्द्वानी निवासी महेश सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके भाई महेंद्र सिंह और ताऊ साधू सिंह छड़ायल चौराहे पर सब्जी का ठेला लगाते थे। 21 फरवरी की रात करीब 8:45 बजे वे ठेला बंद करके घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। तभी उजाला अस्पताल (सेंट्रल अस्पताल) की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो कार ने लापरवाही और अत्यधिक तेज गति से चलते हुए दोनों को टक्कर मार दी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## NEWS / फटाफट

### लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड की लोक संस्कृति के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए जुटी संगीत संस्कृति फाउंडेशन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में उत्तराखंडी लोक संस्कृति पर आधारित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। बता दें संगीत संस्कृति फाउंडेशन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमतीनगर लखनऊ में भारतीय पर्वतीय महासभा के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन हरितीमा पंत के नेतृत्व में 36 कलाकारों के दल ने विहंगम प्रस्तुति दी,जिसमें उत्तराखंडी लोक संस्कृति के साथ ही कई कार्यक्रम पेश किए गए। नृत्य निर्देशन निशि तिवारी, पीयूष पांडे तथा तृप्ति गुप्ता का रहा। उतराखंड का पारंपरिक लोक नृत्य झोड़ा नृत्य प्रस्तुत किया गया। उत्तराखंड का लोक गीत, बसंत ऋतु पर हरितीमा पंत तथा रंजना जोशी द्वारा, बेड़ू पाको बारा मासा की प्रस्तुति से दर्शकों को बैठने के लिए मजबूर कर दिया। सभी ने कलाकारों के प्रयासों की सराहना की।

### छात्र सचिन ने यूजीसी जेआरएफ में 45वां स्थान प्राप्त किया

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के तहत अल्मोड़ा जिले के राजकीय महाविद्यालय भतरौजखान के शोध छात्र सचिन बोरा ने यूजीसी जेआरएफ में ऑल इंडिया में 45वां स्थान प्राप्त किया है। बता दें सचिन अपना शोध कार्य राजनीति विज्ञान विषय में डॉ. केतकी तारा कुमाय्याँ के निर्देशन कर रहे हैं, इससे पहले सचिन ने दो बार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की प्रीलिम्स एवं सीएपीएफ (एसी) तथा एनडीए व सीडीएस की लिखित परीक्षा पास कर चुके हैं। सचिन की माँ विमला बोरा बाजपुर तहसील में सेवारत हैं। दूसरी ओर कालेज के प्राचार्य प्रो.पुष्पेश पांडे, शोध प्रसार समिति समन्वयक डॉ. अजय सक्सेना समेत अन्य लोगों ने सचिन के बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### बाइक सवार युवकों ने एक युवक पर फायर झोंका

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बाईक सवार युवकों ने एक युवक पर तमंचे से फायर कर दिया। तमंचे से निकली गोली युवक के जांघ में लगी। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग गए ? घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित से जानकारी ली। बताया जा रहा है कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र शिवनगर निवासी 20 वर्षीय अंकित सागर नाम का युवक मंगलवार की रात घर से 100 मीटर दूर चावल लेने जा रहा था। इसी बीच बाईक पर सवार तीन युवक उसके पास पहुंचे। पहले एक युवक ने अंकित से हाथ मिलाया। इसके बाद फायर कर दिया। पीड़ित के मुताबिक एक फायर सीधे किया तो वह बच गया। इसके बाद दूसरा फायर किया और गोली बाईं जांघ पर लगी। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। परिवार के लोग पहुंचे। युवक को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर मोहन चंद पांडे ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। पीड़ित भी कुछ बताने को कुछ तैयार नहीं है। उसकी भी जांच की जा रही। तहरीर मिलने पर पुलिस कार्रवाई करेगी।

### सूखाताल क्षेत्र में होली कार्यशाला का आयोजन

**नैनीताल ।** नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल क्षेत्र में होली कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। बता दें कार्यशाला में महिलाओं एवं युवतियों को होली गायन व नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मोहिनी, शांति, सुमन,अंजू, भावना,जया, गंगा, शालू, प्रेमा, गीता तथा प्रियांशी, रिया,अनीता,आकांशा,रीमा तथा रजनी आदि भाग ले रही हैं। समिति की अध्यक्ष शैलजा सक्सेना ने बताया कि यह प्रशिक्षण एक सप्ताह पूर्व से दिया जा रहा है।

### 72 पव्वे देशी शराब समेत एक दबोचा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने काठगोदाम के नजदीक रेलवे पटरी के पास से अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से 72 पाव देशी शराब बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। काठगोदाम थाना पुलिस को चैकिंग के दौरान रेलवे पटरी के पास एक व्यक्ति द्वारा शराब ले जाने की सूचना मिली जिस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ पर व्यक्ति ने अपना नाम हेमंत आर्या पुत्र स्वर्गीय रमेश लाल आर्या निवासी बिठोरिया नंबर 1 कुसुमखेड़ा, थाना मुखानी हल्द्वानी बताया। उसके पास मिले कट्टे से 72 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### कोतवाली परिसर में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान



**हल्द्वानी।** बुधवार को कोतवाली परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस शिविर का उद्घाटन एसएसपी पीएन मीणा ने किया। उन्होंने रक्तदान को ष्महादानष् बताते हुए लोगों से अपील की कि हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्त दान शिविर का आयोजन समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और रक्त की कमी को दूर करने के उद्देश्य से किया गया। इस शिविर में आम नागरिकों, पुलिसकर्मियों और स्थानीय संगठनों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के उद्घाटन के दौरान एसएसपी पीएन मीणा ने कहा, रक्तदान न केवल एक नेक काम है, बल्कि यह जीवनदान के समान है। एक व्यक्ति का रक्तदान कई लोगों की जान बचा सकता है। हम सभी को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। रक्तदान शिविर में स्थानीय नागरिकों, पुलिसकर्मियों और स्वयंसेवी संगठनों के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में रक्तदान करने वालों में युवाओं की संख्या अधिक थी, जो समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए आगे आए।

# अभिमत

## जलस्रोतों का पुनर्जीवन

***जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य काफी पहले किया जाना चाहिए था, फिर भी 'देर आयद, दुरुस्त आयद' कहावत के तहत यदि काम को सही तरीके से किया जाये तो आने वाले कुछ वर्षों में भीषण जल संकट से बचा जा सकता है, लेकिन साल बीतने के बाद भी मास्टर प्लान की प्रगति के बारे में सरकारी स्तर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। कागजों से निकल कर जमीनी स्तर पर कार्य भी नजर नहीं आ रहा है।***

जलवायु परिवर्तन से जल संकट गंभीर होता जा रहा है। जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड में नाले, धारे, झरने, गधेरे और नदियों के पुनर्जीवन का मास्टर प्लान तैयार किये जाने की बात की जा रही है। भूगर्भीय जल की उपलब्धता और स्थिति का आंकलन करने तथा मैपिंग करने का आदेश सालभर पहले दिया गया था। स्प्रिंग एंड रिवर रेज्युवेंशन अथॉरिटी (सारा) उच्चाधिकार प्राप्त समिति को जलस्रोतों का सर्वेक्षण करना है। जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य काफी पहले किया जाना चाहिए था, फिर भी 'देर आयद, दुरुस्त आयद' कहावत के तहत यदि काम को सही तरीके से किया जाये तो आने वाले कुछ वर्षों में भीषण जल संकट से बचा जा सकता है, लेकिन साल बीतने के बाद भी मास्टर प्लान की प्रगति के बारे में सरकारी स्तर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। कागजों से निकल कर जमीनी स्तर पर कार्य भी नजर नहीं आ रहा है। जलस्रोतों को बचाने का कार्य जल्द शुरू होना चाहिए। कार्ययोजना को धरातल पर उतारने में देरी से जल संकट और गहरा जायेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्य सचिव ने जल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य के प्रति विभागीय संवादहीनता पर नाराजगी जाहिर की है और जलस्रोतों के पुनर्जीवीकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने को कहा है। राज्य में भविष्य में कोई भी बांध के प्रोजेक्ट के लिए जलस्रोत पर पड़ने वाले असर का आंकलन जरूर होना चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि प्रोजेक्ट से जलस्रोतों में कितनी बढ़ोतरी होगी। तराई में कई बांध पहले से हैं। जिन नदियों से बांधों को भरा जाता है, उन नदियों में भी जल स्तर गिर रहा है। पहाड़ पर जलस्रोत रीजार्च नहीं हो पा रहे हैं। हिमपात में कमी आई है। बहुत ऊंची पर्वत चोटियों पर भी कुछ साल से कम हिमपात हो रहा है। ग्लेशियर सिमट रहे हैं। करीब तीन दशक पहले भाबर से मामूली दूरी के कम ऊंचाई पर बसे पर्यटक स्थलों में हिमपात होता था। अब तो कई साल से नैनीताल में पर्याप्त हिमपात नहीं हुआ है। पर्वतीय जलस्रोत सूखने से हिमालय की गोद में रहने वाले पेयजल के लिए तरस रहे हैं। उत्तराखंड में नये बांध बनाने के नाम पर पिछले पांच-छह दशक से चुनाव में वायदा किया जाता रहा है। जिन नदियों पर बांध बनाने की बात कही जा रही है, उनके उद्गम स्रोत में जल बहुत कम रह गया है। भाबर और तराई की कई नदियां बरसाती बन कर रह गई हैं। वर्षा ऋतु खत्म होने के बाद सूख जाती हैं। कुछ दशक पहले उत्तराखंड में ज्यादातर नदियां सदानीरा थीं।

# विवेचनाओं के निस्तारण में देरी पर लगाई फटकार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



एसएसपी पीएन मीणा ने मंगलवार को कोतवाली सभागार में आयोजित अपराध गोष्ठी में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आगामी होली पर्व के मद्देनजर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं पर विवेचकों को कड़ी फटकार लगाई और समयसीमा में कार्यवाही पूरी करने का आदेश दिया।

एसएसपी मीणा ने डायल 112 पर प्राप्त शिकायतों पर प्रतिक्रिया समय (रिस्पांस टाइम) बेहतर करने, सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने और कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी ने वांछित, पुरस्कार घोषित, एनबीडब्ल्यू, कुर्की और वारंट जारी किए गए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक माह का विशेष अभियान चलाने के आदेश दिए। उन्होंने अधिकारियों से एनबीडब्ल्यू और वारंट तामील के डेटा की समीक्षा करने को कहा, ताकि सभी की जिम्मेदारी तय की जा सके। गोष्ठी में एसएसपी ने वर्ष 2023 की सभी लंबित विवेचनाओं को 10 दिनों के भीतर और वर्ष 2024 की दुर्घटना, महिला संबंधित तथा एनडीपीएस मामलों की विवेचना 6 महीने के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही संपत्ति जब्ती की कार्यवाही तेजी से अमल में लाने को कहा।

एसएसपी ने कहा कि होली पर्व के दौरान अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तत्व सक्रिय हो जाते हैं। उन्होंने थाना/चौकी पुलिस के साथ-साथ एसओजी और एनटीएफ को नशा तस्करों की चेन तोड़ने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा।

अपराधों पर लगाम लगाने के लिए एसएसपी ने रात्रि के समय प्रभावी चेकिंग करने के निर्देश दिए, ताकि आपराधिक तत्वों के मन में खौफ बना रहे।

इस अवसर पर सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल, सीओ नैनीताल प्रमोद शाह, सीएपीओ नैनीताल नरेंद्र सिंह कुंवर, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन भगवत सिंह राणा, निरीक्षक एलआईयू जितेंद्र कुमार उप्रेती, रीडर पूरन आगरी सहित सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, यातायात और सीपीयू प्रभारी मौजूद रहे।

## 20 वर्षीय छात्रा का बीते 10 दिन से लापता

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल निवासी 20 वर्षीय छात्रा का बीते 10 दिन से गुम होने का मामला सामने आया है। पिता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर उसे तलाशने की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर छात्रा की ढूंढ खोज शुरू कर दी है। मल्लीताल निवासी रमेश ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी बेटी नैना रामनगर से बीए की पढ़ाई कर रही है। बीते 24 फ रवरी (सोमवार) को वह अपनी रूममेट के साथ इंटरव्यू के लिए काशीपुर गई हुई थी। 27 फ रवरी (गुरुवार) को फ ोन करने पर बेटी ने काशीपुर से वापस आने और ठाकुरद्वारा पहुंचने की बात बताई थी लेकिन इसके बाद से वह न तो रामनगर पहुंची और ना ही नैनीताल आई है। उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। पिता ने बेटी के गुम होने व अपहरण की आशंका जताई है। कोतवाल हेमचंद्र पंत ने बताया मामले में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

# हल्द्वानी सरस आजीविका मेला 2025 में लोक कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति दी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



सरस आजीविका मेला 2025 अंतर्गत आयोजित सास्कृतिक संध्या में विभिन्न लोक कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी।

सास्कृतिक संध्या कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद/पूर्व रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मेले में प्रतिभाग किया इस दौरान उन्होंने मेले में उत्तराखंड राज्य सहित देश के विभिन्न राज्यों से ऐसा समूहों से उनके स्टॉल में जाकर बातचीत करते हुए उनसे उनके उत्पादों की बिक्री के बारे में जानकारी ली तथा उनके उत्पादों की सराहना की।

सांसद भट्ट ने मेले में आयोजित सास्कृतिक कार्यक्रमों का भी अवलोकन किया व सभी कलाकारों की प्रस्तुति का आनंद उठाया तथा लोक कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान अपने सम्बोधन में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि सरस मेले में देश के विभिन राज्यों से आए समूहों के साथ ही उत्तराखंड राज्य के दूरस्त क्षेत्रों से आए समूहों द्वारा अपने उत्पादों की बिक्री की जा रही है जो माननीय प्रधानमंत्री का लोकल फॉर वोकल को साकार कर रहे हैं। इस अवसर पर महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट,प्रशासक विकास खण्ड रामगढ़ पुष्पा नेगी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे ने सभी आगतुकों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस दौरान सांसद द्वारा 4 लखपति दीदीयों को भी सम्मानित किया गया। सास्कृतिक संध्या में पंजाबी गायक मनकीत, उत्तराराखण्डी गायक दीपक सुयाल, याचना ग्रुप डांस हा रमनी सहित नीरज चूफ़ाल संगीत सहित अन्य कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोहा।

# फिल्मी दुनिया

## मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होंगी ये बॉलीवुड –टॉलीवुड की फिल्में



*मार्च में बॉलीवुड और टॉलीवुड की कई शानदार फिल्में रिलीज हो रही हैं, जो हर तरह के दर्शकों को मनोरंजन करेंगी। आइए जानते हैं इस लिस्ट में आपके लिए क्या खास है। मार्च में एक्शन, ड्रामा, थ्रिलर और रोमांस से भरपूर कई फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें सलमान खान की सिकंदर से लेकर पवन कल्याण की हरि हर वीरा मल्लू रिलीज होगी। इस महीने बेहद ही शानदार और बड़े बैनर की फिल्में रिलीज हो रही हैं। द डिप्लोमैट एक राजनीतिक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जटिलताओं को दिखाया जाएगा। फिल्म का निर्देशन शिवम् नायर ने किया है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम अहम भूमिका में नजर आएंगे। भूषण कुमार द्वारा निर्मित यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है। यह फिल्म 7 मार्च 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। केसरी वीर 14 मार्च को रिलीज हो रही है। केसरी वीर का निर्देशन प्रिंस धीमान ने किया है। इस फिल्म में सूरज पंचोली, सुनील शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, और आकांक्षा शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कानू चौहान फिल्म के निर्माता हैं। सिकंदर एक बड़े बजट की बॉलीवुड फिल्म है, जिसमें जबर्दस्त एक्शन और थ्रिलर देखने को मिलेगा, जिसे एआर मुरुगादॉस ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला ने निर्मित किया है। फिल्म में सलमान खान मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ रश्मिका मंदाना , काजल अग्रवाल , सत्यराज , शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी अहम भूमिका हैं। सिकंदर दुनिया भर के सिनेमाघरों में 28 मार्च 2025 को ईद-उल-फितर के दिन रिलीज होने वाली है।*

### एल 2 एम्पुरान

*लुसीफर फिल्म की यह अगली कड़ी है, जिसे मोहनलाल के प्रशंसक लंबे समय से देखने के लिए उत्सुक हैं। यह फिल्म 2019 की ब्लॉकबस्टर मलयालम फिल्म 'लूसिफर' का सीक्वल है। इस फिल्म में भी मोहनलाल लूसिफर के किरदार में वापसी कर रहे हैं। 'लूसिफर' अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की बतौर निर्देशक पहली फिल्म थी। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी।*

# फिल्मों में भूमिका निभाने के नाम पर धोखाधड़ी मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक की पुत्री व फिल्म निदेशक आरुषि निशंक को फिल्मों में अहम भूमिका दिलाने के नाम पर 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोपी फिल्म निर्माता मुम्बई निवासी मानसी वरुण बागला व वरुण प्रमोद बागला की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए विपक्षियों को जबाव दाखिल करने को कहा है ।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की एकलपीठ में हुई । मामले की अब अगली सुनवाई 8 अप्रैल (मंगलवार) को होगी। मामले के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की पुत्री आरुषि निशंक ने 7 फ रवरी 2025 को देहरादून कोतवाली में एक मुकदमा दर्ज कर बताया कि मुम्बई की मानसी वरुण बागला व वरुण प्रमोद बागला जो फि ल्मों का निर्माण करते हैं ने अपनी फि ल्म आंखों की गुलसितां में अभिनेत्री की भूमिका निभाने का उन्हें ऑफ र दिया तथा कहा कि फिल्म में होने वाले फायदे का उन्हें 20 फीसदी हिस्सा दिया जाएगा लेकिन उससे पहले 4 करोड़ रुपये फिल्म की शूटिंग के लिए देना होगा, क्योंकि फिल्म की भारत में शूटिंग पूरी हो चुकी है, शेष फिल्म की शूटिंग यूरोप में होनी है, जहां उन्हें आरुषि निशंक को अभिनेत्री के रूप में जाना होगा । बताया कि उन्होंने यह धनराशि किस्तों में समय समय उक्त लोगों को दे दी लेकिन इस फिल्म की शूटिंग नहीं हुई, जिसके बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ और यह मुकदमा दर्ज किया गया।

# यूओयू में भारतीय ज्ञान परम्परा के पाठ्यक्रमों को अध्ययन बोर्ड की मिली मान्यता

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत विभिन्न विषयों को शुरू करने की विश्वविद्यालय की विभागीय अध्ययन बोर्ड ने दी संस्तुति। मंगलवार को अध्ययन बोर्ड की बैठक विश्वविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में 6 बाह्य सदस्यों के अलावा विश्वविद्यालय के सभी विभागों के कोर्स समन्वयक मौजूद थे। बैठक मानविकी विद्याशाखा के निदेशक प्रो. रेनू प्रकाश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान परम्परा के मुख्य समन्वयक प्रो. मदन मोहन जोशी ने सभी कोर्स की पाठ्य संरचना की कार्यसूची बोर्ड के सदस्यों के सामने रखी। मुख्य समन्वयक प्रो. जोशी ने कहा कि अध्ययन बोर्ड की बैठक से पूर्व इसी माह 11 फरवरी को विषय विशेषज्ञों की बैठक आयोजित कराई गई थी। बैठक में अलग- अलग विधा के राष्ट्रीय स्तर के लगभग 20 विशेषज्ञों ने प्रतिभाग कर पाठ्यक्रम संरचनाओं को तैयार कर इसे अध्ययन बोर्ड के लिए संस्तुति प्रदान की थी, जिन्हें अध्ययन बोर्ड बैठक के सदस्यों के समुख रखा गया और सदस्यों से प्राप्त कुछ सुझावों को शामिल कर पाठ्यक्रमों में संशोधन किया गया। तत्पश्चात् संशोधित पाठ्यक्रम संरचनाओं पर अध्ययन बोर्ड द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गई। प्रो. जोशी ने कहा कि अभी इन कोर्स को मानविकी विद्याशाखा के अंतर्गत संचालित किया जायेगा बाद में राजभवन से भारतीय ज्ञान परम्परा के नाम से नई विद्याशाखा की मान्यता मिलने पर इन्हें इस नई विद्याशाखा के अंतर्गत संचालित किया जायेगा। यह विश्वविद्यालय की 15 वीं विद्याशाखा होगी। अध्ययन बोर्ड की बैठक में एसएसजे श्विविद्यालय अल्मोडा के पूर्व कुलपति प्रो. एन. एस. भण्डारी, एसएसजे श्विविद्यालय अल्मोडा परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण विष्ट, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. जया तिवारी, प्रो. आर. के. पाण्डेय तथा प्रो. शिरीश मौर्य शामिल थे तथा मुक्त विश्वविद्यालय से विषय समन्वयक के रूप में प्रो. डिगर सिंह फर्सवाण, प्रो. अरविन्द भट्ट, डॉ. घनश्याम जोशी, डॉ दीपांकुर जोशी, डॉ. राजेन्द्र कैड़ा, डॉ. शलिनी सिंह, डॉ. गौरी नेगी, डॉ. दीपक कमार, डॉ. प्रीति बोरा, डॉ. नीरज जोशी, डॉ. भास्कर पुरोहित, डॉ. भाग्यश्री जोशी, डॉ. रंजू पाण्डेय, डॉ. द्विजेश उपाध्याय, डॉ. उवर्शी ध्यानी, डॉ. ऋतंभरा नैनवाल, डॉ. विकास जोशी आदि शामिल थे।



## News कॉर्नर

### कविता गंगोला को जिला महामंत्री पद पर नियुक्त

**नैनीताल।** सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल उत्तराखंड की प्रदेश प्रभारी सीमा बत्रा की संस्तुति के बाद सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल जिला महामंत्री के पद पर नैनीताल निवासी कविता गंगोला को महिला मोर्चा के जिला महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया है।

इस बीच व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लाखन निगल्टिया ने कहा है कि मातृ शक्ति का व्यापार मंडल उत्तराखंड को बढ़ाने में अहम योगदान रहा है। प्रदेश महामंत्री भुवन भट्ट ने कहा कि व्यापार में महिलाओं की भागीदारी बेहद जरुरी है,कहा कि जागरुक महिलाओं को संगठन से जोड़ने पर संगठन के साथ ही व्यापारी समाज को मजबूती मिलेगी। दूसरी ओर कविता गंगोला के जिला महामंत्री बनने पर उनके शुभचिंतकों व व्यापारियों ने उन्हें बधाई देत हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पुलिस ने 5 हजार रुपए ईनामी गैंगस्टर गिरफ्तार किया

**रुद्रपुर।** पुलिस मुख्यालय देहरादून से वांछित,इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी को चलाये गए अभियान के तहत एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेशों के अनुपालन व पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक काशीपुर अमर चंद शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस ने कोतवाली काशीपुर में दर्ज एफआईआर नंबर 315 /2024 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित और ईनामी 8 माह से फरार चल रहे अभियुक्त बलजीन्दर सिंह निवासी कुंडेश्वरी को चौकी क्षेत्र से गिरफ्तार किया। एसपी काशीपुर ने बताया कि ईनामी के खिलाफ कार्रवाई करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक अमर चंद्र शर्मा,एसआई चन्दन सिंह बिष्ट, एसआई संतोष देवरानी, मुकेश कुमार, कुलदीप, किशोर,दर्शन सिंह, जगदीश प्रसाद आदि शामिल रहे।

# विधायकों को मंत्री पद दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपियों के तार मणिपुर से जुड़े

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

मंगलवार को पुलिस कार्यलय मणिपुर पुलिस पहुंची। मणिपुर पुलिस ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से विगत दिनों उच्च पद दिलाने के नाम पर ठगी के आरोपियों के सम्बन्ध में जानकारी को लेकर मुलाकात की।

मणिपुर पुलिस ने एसएसपी को बताया कि ऊधम सिंह नगर पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों गौरव नाथ और उवैश पर मणिपुर में भी मुकदमे पंजीकृत हैं। आरोपियों ने मणिपुर में विधानसभा अध्यक्ष और विधायक को उच्च पद दिलाने के नाम पर ठगी के मुकदमे पंजीकृत हैं। जिस सम्बन्ध में थाना इम्फाल में एफआईआर नंबर 51 (02) 2025 धारा 318(4)/ 319(2) बीएनएस तथा एफआईआर नंबर 53(2)2025 धारा 318(4)/ 319(2) बीएनएस पंजीकृत है। उक्त संबंध में मणिपुर पुलिस ने तलबी वारंट एवं विवेचनात्मक कार्रवाई के लिए एसएसपी से सहयोग मांगा।

एसएसपी ने उक्त संबंध में मणिपुर पुलिस को हरसंभव सहायता के लिए संबंधित को निर्देशित किया। बता दें कि गिरफ्तार आरोपियों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुत्र जय शाह के नाम पर उत्तराखंड के रुद्रपुर, नैनीताल विधायक के अलावा हरिद्वार क्षेत्र के एक विधायक को मंत्री बनाने का लालच देकर करोड़ों रुपए की मांग की थी।



**खुलासा**

- तलबी वारंट एवं विवेचात्मक कार्यवाही को मणिपुर पुलिस पहुंची एसएसपी कार्यालय, मांगा सहयोग

# सरकारी विभागों पर ऊर्जा निगम का पांच करोड़ 9 लाख रुपये का बकाया चढ़ा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरकारी विभागों पर ऊर्जा निगम का पांच करोड़ 9 लाख रुपये का भारी बकाया चढ़ा हुआ है। यह बकाया बिजली उपयोग के चलते सरकारी विभागों की ओर से समय पर भुगतान न करने की वजह से बढ़ा है।

खासकर नगरपालिका नैनीताल, प्राथमिक शिक्षा विभाग, लोनिवि, हास्पिटल, वन विभाग, पुलिस विभाग और अन्य विभागों पर यह बकाया राशि एक बड़ी समस्या बन चुकी है। नगरपालिका नैनीताल पर ऊर्जा निगम का बकाया सबसे ज्यादा है जो लगभग 4.12 करोड़ रुपये है। इसके बाद प्राथमिक शिक्षा विभाग पर 38 लाख रुपये, लोक निर्माण विभाग पर 14 लाख रुपये और जिला अस्पताल पर 10 लाख रुपये का बकाया है। वन विभाग, पुलिस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग और उच्च शिक्षा विभाग जैसे सरकारी विभागों पर भी बकाया राशि है जो क्रमशः 7 लाख रुपये, 5 लाख रुपये, 4 लाख रुपये और 4 लाख रुपये है।

इसके अलावाए तकनीकी शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग और न्यायिक विभाग पर भी बकाया हैं। इन विभागों का बकाया 2 लाख रुपये है। पशुपालन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग और समाज कल्याण विभाग भी इस सूची में शामिल हैं जिन पर ऊर्जा निगम का बकाया बाकी है।

मामले में ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एस.के. सहगल ने बताया कि सरकारी विभागों पर बकाया रकम दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह स्थिति गंभीर होती जा रही है और यदि इन विभागों ने शीघ्र ही बकाया राशि का भुगतान नहीं किया तो निगम को कड़ी कार्रवाई करनी पड़ेगी। सहगल ने यह स्पष्ट किया कि यदि बकाया राशि का भुगतान समय पर नहीं हुआ तो विभागों की बिजली आपूर्ति को अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय लिया जा सकता है।

# हल्की बारिश से बढ़ी ठंड, ऑर्थो के मरीजों की बढ़ दिक्कतें

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मार्च के पहले सप्ताह में भी ठंड नैनीताल में लोगों को परेशान कर रही है। इस सप्ताह हल्की बारिश के चलते ठंड बढ़ने से ऑर्थो के मरीजों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

इन दिनों उपचार के साथ हड्डी रोग विशेषज्ञ ऑर्थो के मरीजों को स्वास्थ्य सलाह भी दे रहे हैं ताकि मरीज ठंड के दिनों में दर्द से बच सकें। बता दें कि मार्च का महिला यानी गर्मी का महिला शुरू हो चुका है, जहाँ मैदानी क्षेत्रों में गर्मी शुरू हो चुकी है वहीं नैनीताल में अब भी ठंड महसूस की जा रही है। बीते दो चार दिनों में हल्की बारिश के चलते नगर में सुबह शाम को ठंड महसूस की जा रही है। जिसके चलते राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में जोड़ों, घुटनों तथा मांसपेशियों व कमर में दर्द की शिकायत लेकर ऑर्थो के मरीज पहुंच रहे हैं। उम्रदराज लोगों को मांसपेशियों व जोड़ों का दर्द होने लगा है जो उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि नैनीताल में सुबह शाम ठंड के चलते शरीर में रक्त प्रवाह ठीक से नहीं हो पाता जिससे ऑर्थो के मरीजों को जोड़ों में दर्द होने लगता है। बताया कि ठंड में यह समस्या बढ़ जाती है। इससे बचने के लिए ऑर्थो के मरीजों को सुबह शाम ठंड टहलने से बचना होगा साथ ही गुनगुनी धूप सेककर व्यायाम करना चाहिए ताकि शरीर में रक्त प्रवाह अच्छा हो व मांसपेशियों को भी मजबूती मिले।

### नगर में तेज ओलावृष्टि के बाद बारिश शुरु

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। मौसम के बदले मिजाज की वजह से दोपहर बाद नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटकों को होटलों में ही दुबके रहने को मजबूर होना पड़ा।

बता दें नगर में सोमवार को गुनगुनी धूप खिलने से काफी राहत मिली थी लेकिन मंगलवार को सुबह से मौसम का मिजाज बदला रहा जिसके चलते सुबह से ही आसमान बादलों से घिरा रहा देखते ही देखते अपराह्न ढाई बजे से नगर में गरज चमक के साथ तेज ओलावृष्टि के बाद बारिश शुरु हो गयी। ठीक शाम के वक्त बिगड़े मौसम की वजह से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ी वह भीगते-भीगते घर पहुंचे। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक नगर में अधिकतम तापमान 19.5 तथा न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि बारिश 4.5 मिलीमीटर हुई।

### विरोध के चलते नहीं बिके स्टॉम्प पेपर

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नई ऑनलाइन दस्तावेज पंजीकरण नियमावली, 2025 के खिलाफ हल्द्वानी में महासभा के आयोजन का असर स्टॉम्प पेपरों की बिक्री पर भी देखने को मिला। विरोध प्रदर्शन का असर सीधे तौर पर तहसील और एसडीएम कार्यालयों पर पड़ा, जहां स्टॉम्प पेपरों की बिक्री पूरी तरह से ठप हो गई। स्टॉम्प पेपरों की बिक्री नहीं होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# रजिस्ट्री व वसीयत आदि के पेपरलेस को लेकर आंदोलन को समर्थन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड बार कौंसिल ने यूसीसी कानून में रजिस्ट्री तथा वसीयत आदि को पेपरलेस किये जाने के खिलाफ प्रदेश भर के अधिवक्ताओं द्वारा किये जा रहे आंदोलन का समर्थन किया है।

बार कौंसिल अध्यक्ष डॉ. महेंद्र पाल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उत्तराखण्ड राज्य में राज्य सरकार द्वारा यूसीसी कानून लागू कर दिया है जिसमें रजिस्ट्री तथा वसीयत व अन्य विलेखों को आनलाइन व पेपरलेस किये जाने का प्रावधान किया है।

उक्त कानून के लागू होने से प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित प्रभावित हो रहे हैं और अधिवक्ताओं की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। बार कौंसिल ऑफ उत्तराखण्ड नैनीताल को विभिन्न बार एसोसियेशनों से इस आशय के प्रत्यावेदन प्राप्त हो रहे हैं। उक्त कानून अधिवक्ता हितों के प्रतिकूल और अव्यावहारिक होने के कारण पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं द्वारा कानून के उक्त प्रावधानों का विरोध किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बार कौंसिल ऑफ उत्तराखण्ड अधिवक्ताओं की उक्त मांगों का समर्थन करती है। डॉ. पाल ने प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि उक्त कानून में रजिस्ट्रीए वसीयत व अन्य विलेखों को आनलाइन तथा पेपरलेश किये जाने के प्रावधानों को शीघ्र वापस लेते हुए पूर्ववत किया जाए।

# ऑनलाइन दस्तावेज पंजीकरण नियमावली के विरोध में महासभा आयोजित

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू की गई 'ऑनलाइन दस्तावेज पंजीकरण नियमावली, 2025' के विरोध में बुधवार को तहसील परिसर, हल्द्वानी में एक महासभा का आयोजन किया गया।

इस महासभा में बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक संघ, स्टाम्प विक्रेता संघ और अराइज नवीस संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। महासभा में नियमावली के कारण आमजन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों और सरकार से जवाबदेही की मांग की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सरकारी कार्यालयों या सार्वजनिक स्थानों पर पंजीकरण कराने से विक्रेता और पक्षकारों पर दबाव की संभावना कम होती है। ऑनलाइन पंजीकरण (वर्चुअल रजिस्ट्री) के मामले में यदि कोई भू-माफिया अपने कार्यालय में विक्रेता या पक्षकार को बैठाकर जबरदस्ती करता है, तो इससे बचाव के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं? वक्ताओं ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का फर्जी बैनामा या वसीयत एआई या डीप फेक तकनीक के माध्यम से बना दिया जाए, तो ऐसी स्थिति में पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए नियमावली में क्या प्रावधान किए गए हैं? इसके अलावा अधिवक्ताओं ने सवाल उठाया कि कुछ महीने पहले उत्तराखंड सरकार की कई वेबसाइट्स हैक की गई थीं, और सरकार एक महीने तक मूकदर्शक बनी रही। यदि पेपरलेस दस्तावेजों के सर्वर हैक हो जाते हैं, तो पक्षकारों के हितों को कैसे सुरक्षित किया जाएगा? वक्ता बोले कि वर्तमान पंजीकरण प्रक्रिया से जुड़े स्टाम्प विक्रेता, दस्तावेज लेखक और अराइज नवीस जैसे लोग ऑनलाइन पंजीकरण के कारण बेरोजगार हो जाएंगे। उनके और उनके परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक संकट को दूर करने के लिए सरकार ने क्या व्यवस्था की है? उन्होंने कहा कि पेपरलेस पंजीकरण के कारण बैंक ऋण की प्रक्रिया में भूमि के मूल दस्तावेज (बैनामा) को बंधक के रूप में जमा करना संभव नहीं होगा।



महासभा में किशोर पंत अध्यक्ष बार एसोसिएशन हल्द्वानी, मोहन सिंह बिष्ट सचिव बार एसोसिएशन हल्द्वानी, गोविंद सिंह बिष्ट, दीपक, हल्द्वानी बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील पुंडीर, मेहरबान सिंह, सूरज राणा, अध्यक्ष अवधेश चौधरी के अलावा दस्तावेज लेखक संघ, स्टाम्प विक्रेता संघ और अराइज नवीस संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।